खरना संपन्न, आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे छठव्रती

सीवान। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। चार दिवसीय छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को छठव्रतियों ने पूरे विधि-विधान और पवित्रता के साथ खरना का अनुष्ठान संपन्न किया। व्रतियों ने दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना कर गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया।

रविवार को छठव्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसे लेकर जिला मुख्यालय के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है। घाटों पर रोशनी, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। बाजारों में भी शनिवार को पूजन सामग्री, फल, सूप, दउरा और अन्य सामानों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इससे शहर के प्रमुख बाजारों में काफी चहल-पहल देखने को मिली। जिला प्रशासन की ओर से छठ घाटों पर सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ संवेदनशील घाटों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। रविवार की शाम व्रती नदी, तालाबों और अन्य जलाशयों में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा।

छठ गीतों और लोकनृत्य की प्रस्तुतियों से सजा भास्कर महोत्सव, कलाकारों ने बांधा समां

सीवान। छठ महापर्व की पारंपरिक लोकसंस्कृति और लोककला की झलक शुक्रवार की शाम नगर भवन में देखने को मिली। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भास्कर महोत्सव 2026 में लोकगीतों और लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। छठ गीतों की मधुर धुन और पारंपरिक नृत्य से पूरा नगर भवन भक्तिमय और सांस्कृतिक रंग में सराबोर रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा, बंदोबस्त पदाधिकारी सुजीत कुमार तथा वरीय उपसमाहर्ता जूली कुमारी एवं शालू कुमारी सहित स्थानीय कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का गायन हुआ। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंद्रमौली कुमार ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिह्न और पौधा देकर किया।महोत्सव में लोकगायक विकास कुमार राम ने छठ गीतों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। वहीं लोकगायक मनन गिरी मधुकर के छठ गीतों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

संगीत शिक्षिका बाबली डे की टीम ने छठ पर आधारित सामूहिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना हासिल की। लोकगायिका पूनम त्रिपाठी ने भी मधुर छठ गीतों से समां बांधा। इसके अलावा सुदामा भगत, विनोद हर्षित, प्रिंस उपाध्याय और मनीष डांस अकादमी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।

सभी कलाकारों को बंदोबस्त पदाधिकारी और जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य जिले की समृद्ध लोकसंस्कृति, पारंपरिक कला और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करने के साथ स्थानीय कलाकारों को प्रतिभा प्रदर्शन का मंच उपलब्ध कराना था। मंच संचालन मनोरंजन कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमिताभ सिंह, अपर समाहर्ता प्रमोद कुमार राम, अपर समाहर्ता लोक शिकायत इस्तियाक अली अंसारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी बालेंदु नारायण पांडेय, उप निर्वाचन अधिकारी सोहेल अहमद, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एमडीएम), सामाजिक कार्यकर्ता गणेश दत्त पाठक सहित कई गणमान्य लोग, नगरवासी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यालय, नगर परिषद, फारबिसगंज
(अररिया)
http://www.forbesganj.e-nagarpalika.com; phone:06455-295080;
e-mail- forbesganj.nagar.ulb@gmail.com

शुद्धि-पत्र

कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 09/2026-27 PR No 015077(B&C)/2026-27 एवं अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/2026-27 PR No 015088(B&C)/2026-27 को निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 09/2026-27 एवं निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 10/2026-27 पढ़ा जाय।

शेष यथावत रहेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद फारबिसगंज

PR- 015466 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

छठ महापर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम एसपी ने किया प्रमुख घाटों का निरीक्षण

सीवान। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने जिले के प्रमुख छठ घाटों का संयुक्त निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं, दाहा



नदी स्थित पुलवा घाट के समीप प्रशासनिक शिविर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान गांधी मैदान, पचमंदिरा, नवलपुर श्रीनगर, महादेवा मिशन, रामनगर महादेवा, रेनुवा पुल, शिवव्रत साह, अग्रवाल एवं पुलवा घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने साफ-सफाई, मिट्टी भराई, भूमि समतलीकरण, पहुंच पथ, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम, चिकित्सा शिविर और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया।

डीएम ने विशेष रूप से अधिक गहराई वाले घाटों और गहरे गड्ढों वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां मजबूत बैरिकेडिंग कराने को कहा। ऐसे संवेदनशील स्थानों पर खतरे के संकेतक और सूचना पट्ट लगाने के साथ प्रशिक्षित गोताखोरों एवं स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम और त्वरित बचाव व्यवस्था उपलब्ध रखने पर भी जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में यातायात नियंत्रण, पार्किंग और श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को लेकर विशेष चर्चा हुई। सभी प्रमुख घाटों पर पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम, पर्याप्त रोशनी, प्रशासनिक शिविर और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था करने को कहा गया। इसके अलावा चिकित्सा दल, एंबुलेंस और अग्निशमन विभाग को आवश्यक संसाधनों के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से समय पर तैयारियां पूरी करें। पर्व के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही अथवा अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिलावासियों से छठ महापर्व को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के वातावरण में मनाने की अपील की।

छठ घाटों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट,जिलेभर में किया गया निरीक्षण

गोपालगंज। लोक आस्था के महापर्व छठपूजा को शांतिपूर्ण,सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों एवं विभिन्न क्षेत्रों में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान घाटों की स्थिति,साफ-सफाई,सुरक्षा व्यवस्था, रोशनी,आने-जाने के रास्ते तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। प्रशासन की ओर से छठ घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस प्रशासन को घाटों एवं आसपास के इलाकों में लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण करने तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल को मुस्तैद किया गया है।प्रशासन की नजर घाटों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, वाहनों की आवाजाही और संवेदनशील स्थानों पर भी बनी हुई है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अनहोनी को रोकने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे छठ महापर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। पूजा के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और घाटों पर अनावश्यक भीड़ लगाने से बचें। किसी भी प्रकार की समस्या, संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की जानकारी तत्काल नजदीकी पुलिसकर्मी अथवा प्रशासनिक पदाधिकारी को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

छठव्रतियों के बीच बांटी पूजा सामग्री और साड़ियां

सिधवलिया। सिधवलिया प्रखंड के करसघाट पंचायत में मुखिया मुन्ना कुंवर सहित अन्य समाज सेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने छठ व्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री और साड़ियों का वितरण किया। मुखिया ने अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पंचायत की सैकड़ों गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को नारियल,सूप, साड़ी और अन्य पूजन सामग्री प्रदान की। इस अवसर पर जलालपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि छठ महापर्व बिहार का सबसे बड़ा आस्था का पर्व है। इस पर्व में कोई भी गरीब परिवार सामग्री के अभाव में पूजा से वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से हर साल यह वितरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते पंचायत के सभी लोगों की खुशी में शामिल होना उनका कर्तव्य है द्य छठ सामग्री पाकर व्रतियों के चेहरे पर खुशी देखी गई। इस मौके पर पंचायत के वार्ड सदस्य, ग्रामीण और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल,शिवहर
Email:-exenrcdsheohar01@gmail.com
।। अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ।।
NIT No.- RCD / Sheohar / 09 / 2026-27

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर
2. निविदा आमंत्रण की तिथि : दिनांक 18.11.2026
3. परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि एवं समय : दिनांक 26.11.2026 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 5:00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.12.2026 को 10:00 बजे पूर्वाहन से 3:00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.12.2026 को 03:30 बजे अपराहन।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (i) अभीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, उ0 बि0 पथ अंचल, मुजफ्फरपुर। (ii) कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर उपरोक्त क्रमांक 06 में वर्णित स्थान पर।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :
8. कार्य का विवरण :

क्र0	कार्य का नाम	प्रावकलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Repair and Construction of Compound wall with wall Fancing of RCD Campus, Sheohar for the Year 2026-27	1446482-00	29000-00	2500-00	01 माह

9. निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र की भाषा सांकेतिक है। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का रूप एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट्ट एवं परिमाण विपत्र बिक्री स्थान पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 015340 (RCD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमंडल, शिवहर

साहित्यकार एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक ओमप्रकाश नारायण का निधन, साहित्य जगत में शोक

सीवान। जाने-माने साहित्यकार एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक ओमप्रकाश नारायण का हृदय गति रुकने से उनके महादेवा मिशन स्थित आवास पर निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर जनवादी लेखक संघ (जलेस), सीवान ने गहरा शोक व्यक्त किया है।ओमप्रकाश नारायण का जन्म 3 जनवरी 1941 को गोरेयाकोठी प्रखंड के पुरन्दरपुर गांव में हुआ था। वे अध्यापन कार्य के साथ-साथ साहित्य सृजन में भी सक्रिय रहे। उन्होंने कविताओं, संस्मरणों और लेखों के माध्यम से समाज को अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। समाज के दबे-कुचले और वंचित वर्गों का उत्थान तथा उन्हें शिक्षित करना वे अपना दायित्व समझते थे। उनकी कविताओं में विशेष रूप से बच्चों की दुनिया और उनकी संवेदनाएं प्रमुखता से उभरती थीं। वे अपने गीतों के माध्यम से लोगों में सामाजिक चेतना जगाने का प्रयास करते थे।वे जनवादी लेखक संघ, सीवान के कार्यक्रमों में नियमित रूप से शामिल होते थे और अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते थे।

गांधी मैदान में मधुमेह के प्रति जागरुकता का संदेश नि:शुल्क जांच और डायबिटिक प्लेट का हुआ वितरण

सीवान। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शनिवार को शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में लायंस क्लब सीवान, कृष्णमोहन ऊषा फाउंडेशन, लायंस क्लब सीवान वैदेही और लियो क्लब सीवान के संयुक्त तत्वावधान में मधुमेह जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को जीवनशैली में बदलाव, संतुलित खानपान और नियमित व्यायाम के माध्यम से मधुमेह से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में लायन डॉ. आशुतोष दिनेंद्र और लायन डॉ. केएम सिंह की प्रमुख भूमिका रही। अभियान का उद्देश्य मधुमेह से बचाव, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और संतुलित आहार के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। इसके तहत डायबिटिक वॉक, नि:शुल्क मधुमेह जांच, डायबिटिक प्लेट का वितरण और स्वास्थ्य संबंधी पंपलेट बांटे गए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी नि:शुल्क मधुमेह जांच कराने पहुंचे। डॉ. सौरभ सिंह के एक्यूरेट डायग्नोस्टिक के सहयोग से जांच की व्यवस्था की गई थी। वहीं डायबिटिक प्लेट के माध्यम से लोगों को बताया गया कि मधुमेह रोगियों के भोजन में हरी सब्जियों और सलाद, प्रोटीन तथा कार्बोहाइड्रेट की कितनी मात्रा होनी चाहिए। उपस्थित सदस्यों ने सफेद और नीले गुब्बारे छोड़कर मधुमेह के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया।



डायबिटीज वॉक के माध्यम से भी नियमित शारीरिक गतिविधियों के महत्व को बताया गया।अभियान में उपेंद्र कुमार यादव, उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण सह जिला खेल पदाधिकारी एवं प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी तथा समाजसेवी मुकेश कुशवाहा बंटी की विशेष उपस्थिति रही। गांधी मैदान में नियमित मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों के साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर लायन नाजिया शादाब, डॉ. नेहा, उमेर फरीद, अब्दुल हामिद, अरविंद पाठक, गणेश दत्त पाठक, डॉ. अविनाश चंद्र, अनमोल कुमार, अमित कुमार मोनू, राजीव चौबे, दयानंद पांडेय, लियो सूरज, लियो खुशी, लियो सिया, विकास कुमार, राहुल कुमार और चंदन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।लायंस क्लब सीवान के चार्टर्ड प्रेसिडेंट डॉ. एमडी शादाब और अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर कुमार ने कहा कि किसी भी बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है। मधुमेह के मामले में खानपान पर नियंत्रण, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच बेहद जरूरी है।

पप्पू लगातार दूसरी बार जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

सीवान। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर राजकुमार गौतम उर्फ पप्पू चमार को लगातार दूसरी बार मनोनीत किया गया है। उनके पुन: जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिंह उर्फ जिशु सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिशु सिंह ने कहा कि पप्पू चमार को लगातार दूसरी बार जिम्मेदारी मिलना उनके संगठनात्मक कार्यों और सक्रियता का प्रमाण है। उन्हें उम्मीद है कि



वे अपने दूसरे कार्यकाल में भी पूरी निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के साथ पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। संगठन के सभी साथियों के सहयोग से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर जदयू के मुख्य प्रवक्ता सह जिला महासचिव सुनील कुमार, जिला महासचिव संतोष कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश यादव, राहुल सिंह, अजय कुमार सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी पप्पू चमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना, लाखों के गहने चोरी

सिधवलिया। महम्मदपुर थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव में शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के गहनों की चोरी कर फरार हो गए। चोरों ने गांव के सुरेश साह, देवेंद्र पटेल,बिक्रमा पटेल और बिपिन पटेल के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि सुरेश साह के घर से लगभग चार लाख रुपये के गहनों की चोरी कर ली गई। वहीं,देवेंद्र पटेल,बिक्रमा पटेल और बिपिन पटेल के घर में चोरों ने पेटी तोड़ी, मगर वहां से कुछ भी हाथ नहीं लगा।

छठ पर्व को लेकर शराब कारोबारियों के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान, खवासपुर और बाला गांव में छापेमारी

लकड़ी नवीगंज(सीवान)। छठ महापर्व के मद्देनजर शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए लकड़ी नवीगंज थाना पुलिस और उत्पाद विभाग ने शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। थाना क्षेत्र की खवासपुर पंचायत के पासी टोला और बाला गांव के तेगा मोड़ पर संयुक्त रूप से छापेमारी की जा रही है। अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष सविता कुमारी और उत्पाद थाना सीवान के थानाध्यक्ष दिलदार अंसारी कर रहे हैं।बताया जाता है कि खवासपुर पंचायत में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इसी के मद्देनजर पुलिस ने शराब कारोबारियों के घरों और संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। इस अभियान पर जिलाधिकारी और महाराजगंज के एसडीपीओ भी नजर बनाए हुए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम चार से सात बजे और सुबह छह से आठ बजे के बीच ई-रिक्शा, टेंपो और बाइक से आसपास के क्षेत्रों के लोग यहां पहुंचते हैं। इसको देखते हुए पुलिस ने मुख्य रास्तों और वाहनों की निगरानी बढ़ा दी है। सुबह के समय भी औचक छापेमारी की तैयारी की जा रही है। थानाध्यक्षों ने स्पष्ट किया है कि शराब के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के साथ शराब पीने वालों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पकड़े जाने पर आरोपितों को कानून के अनुसार जेल भेजा जाएगा।पुलिस ने आम लोगों से शराब के अवैध कारोबार की सूचना देने की अपील की है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि शराब एक सामाजिक बुराई है, जिसके कारण कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। इस पर रोक लगाने के लिए समाज के सभी लोगों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए।

अदालती नोटिस

समक्ष वाले कराधार ड्यूट लस्कोट तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
नाजलत-सिविल डव (सोनिक डिवीजन),
जवाद-गोपालपुर
वाद संख्या-328/2024

सुशाम प्रसाद बनाम बाबुलाल आदि
बनाम-(26) गीता मिश्र पत्नी नन्दलाल मिश्र खागरौरामपुर मिसार बिहार (29) रमिता राय पत्नी अनुप कुमार राय, ग्राम-बनकटा, तहसील-भिलौंधुर, जिला-गोपालगंज (बिहार)।

।प्रतिवादिगी

हगाह चाही ने आपके नाम एक नालिश चावट के खबर की है लिहाजा आपको हुक्म होत है कि आप बातारीख 27 माह 11 सन् 2026 ई. को बयका 10.00 बजे दिन के अदालत में स्वयं या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालत से खबर चावाई वाकिफ किया गया हो और जिसे कुल ड्यूट आहम मुतलिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके सब कोई तरफ हो जो कि उवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और हगाह वही तारीख जो आपके इत्मीनान के लिए मुकरिर है कि वासे इन्फिल्हाल कार्रइ मुकदमा के तजवीज हुई है। अगरचे तशरिफ है कि उसी रोज जुमला दस्तवेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है। कार्रइ दे तहीद इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। अगरचे इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बहस्ल मैं दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 13-11-2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

बिहार सरकार

न्यायालय- बंदोबस्त कार्यालय, गोपालगंज

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित कॉलम-08/09/10 में अंकित बिहार मालवियता और उत्पाद अधिनियम के तहत जप्त वाहन के अभिग्रहण की कार्यवाही अपीलवाद्यकारी के न्यायालय में चल रही है लेकिन कुछ वाहन मालिक का नाम, पता ज्ञात नहीं हो सका है एवं कुछ संबंधित वाहन मालिक अबतक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किये है तथा कुछ मामले में दावा प्रस्तुत करने के उपरांत अभिलेखित शर्तों जप्त नहीं किया गया है।

SL NO.	CASE NO.	DM CASE NO.	THANA	LTR NO	NAME AND ADDRESS	THANA/ CASE NO	REGISTRATION NO	CHASIS NO	ENGINE NO
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	183/2026	891/26	उचकागांव	1381/विवि, दिनांक 18.08.2026	राजकुमार शर्मा, पिता- लक्ष्मण शर्मा, ग्राम-औराई, पकरी, मझहरिया, सिवान	उचकागांव थाना कांड सं0-143/26	BR29PA8866	MCHJ1DD95FMPA00104	SDL9A34612
2	186/2026	980/26	उचकागांव	1509/विवि, दिनांक 03.07.2026	नदीम अख्तर, पिता-अजिजुल खानदा, ग्राम-रौसिहार, पीरगंज, बखरिया, जिला-गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं0-214/2026	BR29AY1284	MBLHAW224PHD11298	HA11E7PHD26113
3	188/2026	1045/26	उचकागांव	1515/विवि, दिनांक 15.07.2026	मोहम्मद रिजवान, पिता-मो0 उमर मंडी, ग्राम-बनैचीडीह, बाजार, हुसैनगंज, जिला-सिवान	उचकागांव थाना कांड सं0-222/2026	BR29AC4645	MBLHAR0724 1HHF24	HA10AGHHF33
4	189/2026	1046/26	उचकागांव	1516/विवि, दिनांक 15.07.2026	अलाउद्दीन खजेय, पिता-रहमान खजेय ग्राम-केवार जयरामवार, विसर्जन चार्ज सहित, खरीद, जिला-पटना	उचकागांव थाना कांड सं0-486/2025	BR01DY4140	MBLIAS057JGJ04115	JA06ERJGJ13691
5	190/2026	1047/26	उचकागांव	1518/विवि, दिनांक 15.07.2026	करण यादव, पिता-योगेश यादव, ग्राम-सिंहुरिया, थाना-एकडाकिरव, जिला-सहिरा (पि0 बंगाई) खरीदार ग्राम-भोरे, थाना-भोरे, जिला-गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं0-146/2026	BR28R2961	MBLJA06AXHHA00099	JA06EPGHM12598
6	191/2026	1038/26	बीरपुर	1519/विवि, दिनांक 15.07.2026	अरविन्द कुमार यादव, पिता- स्व0 महश्र यादव, ग्राम-रामबहादुर, थाना-दाउदा, जिला-सिवान	बीरपुर थाना कांड सं0- 150/2026	BR01BL1060	MALA851HR465337	405080013
7	193/2026	1052/26	उचकागांव	1719/विवि, दिनांक 23.07.2026	राजकपेश यादव, पिता- उमाशंकर यादव, स0-पश्चमी खास, थाना- एकडाकांव, जिला-गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं0-234/2026	BR28G82109	MAT843016P7K22156	33LNGD11KWX528339
8	195/2026	1180/26	उचकागांव	1868/विवि, दिनांक 08.08.2026	राजेश चाही, पिता-बिसी लाल चाही, ग्रा0-रघुनाथपुर, प0-बलपुर, थाना-कुचवरिया, जिला-गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं0-286/2026	BR28E6499	Not Mentioned	D2UBUL63711
9	199/2026	1186/26	गोपालपुर	1880/विवि, दिनांक 08.08.2026	सुबध चाही पिता-बौरंग चाही, स0-लाई, पैजाी, बैसरन, गोपालपुर।	गोपालपुर थाना कांड सं0-95/26	BR29D6864	72M57163	GF74M80243
10	200/2026	1187/26	गोपालपुर	1880/विवि, दिनांक 08.08.2026	मुन्ना सिंह पिता-कृष्णा सिंह, स0-दुबवलिया, सोनपुरा गोपुरा, जिला-गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं0-92/26	BR28U9953	MD2A11CY4JRE05099	DHYRJD07074
11	201/2026	1188/26	गोपालपुर	1880/विवि, दिनांक 08.08.2026	मोहम्मद रसी अलाजी पिता-इमीनुलहक अंसारी स0-गुलिहरी, पो0-बैलवाय, बखरिया, सिवान।	गोपालपुर थाना कांड सं0-112/26	BR28AA9269	MD2A11CZ2GRM24944	DHZRGM25049
12	203/2026	1190/26	गोपालपुर	1880/विवि, दिनांक 08.08.2026	विकास पिता-उकरेत स0-रा0-3/21, सेगम विहार, दक्षिण दिल्ली।	गोपालपुर थाना कांड सं0-115/26	BR01BM2909	MAJ1XXMRJ18E36482	BE36482
13	204/2026	1191/26	गोपालपुर	1880/विवि, दिनांक 08.08.2026	मोहम्मद सत्तार पिता-तहीर स0-खोर, कोट, हसिन, एलवल, हरियाना।	गोपालपुर थाना कांड सं0-118/26	BR06PD6904	MA3ELMG150 0474718	K148N4062322
14	210/2026	1197/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	जगेत कुमार मगल पिता-नगरत चौधरी, स0-सेमुनपुरा, रोपहुला गोपुरा, गोपालपुर, गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं0-133/26	BR28AA6844	MBLHAW128NHD03140	HA11E0HD00741
15	211/2026	1198/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	ओमप्रकाश कुमार पिता-बंशी सह, स0-कलन कुचदिया, कुमवार बंगरा, छपरा।	गोपालपुर थाना कांड सं0-133/26	BR04W6887	MBLJAR027HGJ21974	JA06ERHGJ28145
16	213/2026	1200/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	रजीत कुमार सिंह पिता-सिरिजदेव सिंह, स0-धोतौली, भरसारपुर, सिवान।	गोपालपुर थाना कांड सं0-138/26	BR28DS259	MBLHA10EWBGK61440	HA10EDBGK10944
17	214/2026	1201/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	इंदु देवी पति-हरेन्द्र बगत स0-बीच रसरा, जिला-गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं0-136/26	BR28AH5459	MD634BE875 2G13893	CE8GS291345
18	215/2026	1202/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	कमलेश कुमार यादव पिता-दरोहर राय, स0-रामपुर, कलन, सिरसावरी, पूर्वी चम्पारन।	गोपालपुर थाना कांड सं0-138/26	BR05A/7141	MBLJAW100LGB04648	JA06ERLGB09232
19	216/2026	1203/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	संतोष कुमार सौह पिता-बचाचन सौह स0-रहाकुर, बैलवा, जिला-गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं0-142/26	BR28AD4024	MD2877AX5PPB62150	PFXPPB77699
20	220/2026	1207/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	सुरी चुरसी पिता-श्री परचान चौहान स0-परसहा, सिलई, भरे, जिला-गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं0-108/26	BR28AG8392	MBLHA10ADC9C043	HA10EHC9C04144
21	221/2026	1208/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	जीतू चाही पिता-उगदीश चाही स0-बौख टोला, मिलवारी, डिलरा, पूर्वी चम्पारन।	गोपालपुर थाना कांड सं0-109/26	BR22P0525	MA1TA2HAN92C22388	HA91C13018
22	222/2026	1209/26	गोपालपुर	1900/विवि, दिनांक 08.08.2026	धर्मेन्द्र पण्डे पिता-कमलेश पण्डेय स0-सिंगरा, हथुवा, गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं0-191/26	BR28K5883	MD625BK2XL